# प्रेस नोट- दिनांक 02.09.2023
## थाना बारासगवर ,जनपद उन्नाव ।

उन्नाव पुलिस

- **दो शातिर चोर गिरफ़्तार**
- **चोरी की दो मोटरसाईकिल, दो हेलमेट, दो अवैध तमंचा 315 बोर मय दो ज़िंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक सब्बल व एक अन्य बाइक बरामद ।**

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं क्षेत्राधिकारी महोदया बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस द्वारा दो शातिर चोरो को चोरी की दो मोटरसाईकिल, दो हेलमेट, दो अवैध तमंचा 315 बोर मय दो ज़िंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक सब्बल व एक अन्य बाइक बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 20.08.23 को रात्रि करीब 10.30 बजे धानीखेड़ा ऊंचगांव मार्ग पर स्थित ओम टीवीएम मोटर एजेन्सी का अज्ञात चोरो द्वारा सटर तोड़कर एक अदद मोटर साईकिल अपाचे व एक अदद मोटर साइकिल राइडर नई बिना नम्बर तथा 02 अदद हैलमेट व गल्ले में रखे हुये पैसे चोरी किये गये थे । जिस सम्बन्ध मे थाना बारासगवर पर मु0अ0स0 140/23 धारा 457/380/411भादवि पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 02.09.2023 को थानाध्यक्ष ब्रजमोहन सैनी उ0नि0 जयप्रकाश यादव मय हमराह द्वारा सर्विलांस टीम के सहयोग से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 01. सलमान उर्फ राजू पुत्र खलील निवासी ग्राम पचोड्डरा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव 02. सत्यम पुत्र रमेश निवासी ग्राम पचोड्डरा सरायं सातिनखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद मोटर साईकिल राइडर बिना नम्बर, एक अदद मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर, एक अदद सब्बल लोहे की, 700/- रुपये कैश, दो अदद हेलमेट,एक अन्य मोटर साइकिल संख्या यूपी 35 बीई 0825 पल्सर तथा दोनो अभियुक्तो के कब्जे से 01,01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01,01 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बारासगवर पर मु0अ0सं0 146/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सलमान उर्फ राजू उपरोक्त व मु0अ0सं0 147/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सत्यम उपरोक्त पंजीकृत किया गया है।

**बरामदगी का विवरण-** एक अदद मोटर साईकिल राइडर बिना नम्बर, एक अदद मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर, एक अदद सब्बल लोहे की, 700/- रुपये कैश, दो अदद हेलमेट,एक अन्य मोटर साइकिल संख्या यूपी 35 बीई 0825 पल्सर तथा दोनो अभियुक्तो के कब्जे से 01,01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01,01 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

थानाध्यक्ष ब्रजमोहन सैनी

उ0नि0 जयप्रकाश यादव

हे0का0 चन्द्रेश कुमार

का0 अमरजीत

का0 दुष्यंत कुमार,

का0 निशांक यादव

**<u>सर्विलांस टीम</u>**

